Satya ka Avahan

सत्य का आवाहन

Invoking the Divine

Year 12 Issue 3 May–June 2023

Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

Editor: Swami Gyansiddhi Saraswati

Assistant Editor: Swami Shivadhyanam Saraswati

Published by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

Printed at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2023

Useful Resources

Websites:

www.sannyasapeeth.net
www.biharyoga.net
www.satyamyogaprasad.net

Apps:
(for Android and iOS devices)

Bihar Yoga
APMB
YOGA (English magazine)
YOGAVIDYA (Hindi magazine)
FFH (For Frontline Heroes)

Front cover and plates:
Satyam Charitra 2023



SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

In my opinion, the greatest achievement of a man in his life is bhakti. Bhakti is the expression and experience of joy at realizing the impossible, at being confronted with direct perception of that which is beyond words.

—*Swami Satyananda Saraswati*

मेरी राय में मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि भक्ति है। भक्ति असम्भव को पाने के आनन्द की अभिव्यक्ति और अनुभूति है, एक ऐसी अपरोक्ष अनुभूति जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

—*स्वामी सत्यानन्द सरस्वती*

Published and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
Printed at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
Owned by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka Avahan
Invoking the Divine
सत्य का आवाहन
Year 12 Issue 3 • May–June 2023

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."

—Rantideva

Contents

4 Swami Sivananda
5 सेवा – मेरी उत्कट अभिलाषा
7 Sri Krishna's Advice
8 Enlarge the Scope
10 To Be 'With That'
11 Seva Excels
12 आराधना का प्रयोजन
17 Towards Freedom
21 भगवन्नाम की महिमा
27 Transcending Duality
30 Bhakti and Bhakti Yoga
32 The Need for Santosha
34 The Greatest Achievement
37 भक्तों के लक्षण
42 For a Better Existence
44 To Know the Feeling of Unity
46 सबसे सरल साधना

ॐ

प्रिय भक्तों एवं साधकों,
जय हो!

आपको यह जानकर अतीव हर्ष होगा कि इस वर्ष श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती की जन्मशताब्दी के शुभ अवसर पर, स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती 19 से 27 जून तक *सत्यम् चरित्र* कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं।

इस मंगलकारी कार्यक्रम में स्वामीजी श्री स्वामी सत्यानन्द जी के अद्वितीय चरित्र, उपलब्धियों तथा यौगिक एवं संन्यास जीवन पर प्रकाश डालेंगे ताकि सभी आध्यात्मिक साधकों एवं शिष्यों को श्री स्वामीजी द्वारा निर्दिष्ट ज्योतिर्मय पथ पर चलने की प्रेरणा और मार्गदर्शन मिल सके।

आपसे सस्नेह अनुरोध है कि अपने बन्धु-बान्धवों के साथ इस अमूल्य सत्संग श्रवण के लिए अवश्य पधारें और अपने संघर्षमय जीवन में सुख-शान्ति के अवतरण का मार्ग प्रशस्त करें।

स्थान – पादुका दर्शन, मुंगेर
समय – 19 से 27 जून, 3.30 से 5 बजे

ॐ तत्सत्
कृते संन्यास पीठ, मुंगेर

सत्यम् चरित्र

गुरुओं और संत-महात्माओं का जीवन सदा से मानवता के लिए अजस्र प्रेरणा का स्रोत रहा है। श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती ऐसे अनोखे योगी हैं, जिन्होंने सिद्धियाँ प्राप्त कर वनान्त में समाधि नहीं लगायी, बल्कि अपनी योग-शक्ति का प्रयोग निरंतर जन-कल्याणार्थ करते रहे, और इस संसार-सागर से निर्लिप्त ही रहे।

गुप्त नवरात्रि और गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर स्वामी निरंजनानन्द जी ने श्री स्वामीजी के जीवन, चरित्र और शिक्षाओं का अद्भुत निरूपण किया जिसने सभी श्रोताओं के हृदय-पटल पर अमिट छाप छोड़ दी। यह *सत्यम् चरित्र* नि:सन्देह आने वाली पीढ़ियों के आध्यात्मिक पथ को आलोकित करता रहेगा।

Satyam Charitra

The lives of gurus and saints have been a constant source of inspiration for humanity, and Sri Swami Satyananda Saraswati is no exception. A beacon of hope, solace and guidance for all, he is a luminary and visionary of this age.

During the auspicious period of Gupta Navaratri on the eve of Guru Poornima, Swami Niranjan wove a magical tapestry of the life, teachings and character of Sri Swamiji which left an indelible impression on all who attended. This *Satyam Charitra* will continue to light the path of generations to come.

Swami Sivananda

Swami Satyananda Saraswati

Swami Sivananda did act without any thought of self. It is difficult for people who are practical and pragmatic to understand what he was doing. He only thought that God was in every form. The monkey is God, the boys and girls are God, the ashramites are God, the guests are God. Therefore, if anybody was sick or in trouble, he helped them not for any gain but as worship of God. That is the attitude of saintly people.

Saintly people have the attitude of divinity and people who are charitable, humanistic and philanthropic have the attitude of doing good to others. Sage Vasishtha says in *Yoga Vasishtha* (6:2:47:30):

> *Sajjano hi samuttaarya vipadbhyo nikatasthitam;*
> *Niyojayati sampatsu svaalokeshviva bhaaskarah.*
>
> It is the nature of virtuous men to deliver their neighbours from danger and calamity, and to lead them towards wellbeing and prosperity, as the sun leads people to light.

सेवा – मेरी उत्कट अभिलाषा

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

मैं अट्ठारह वर्ष की अवस्था से आध्यात्मिक जीवन में रत हूँ। अपने आध्यात्मिक जीवन का प्रारम्भ मैंने तांत्रिक साधना से किया, तत्पश्चात् अपने गुरु के साथ गुरुकुल में बारह वर्ष रहा, बारह वर्ष परिव्राजक बन कर रहा, बीस वर्ष बिहार योग विद्यालय में रहा और अब रिखिया में हूँ। किन्तु यहाँ आने के बाद मुझे बहुत तेजी से आत्मबोध हुआ। इसके विषय में यद्यपि मैंने पुस्तकों में पढ़ा तो था, पर उसकी प्राप्ति मुझे कभी नहीं हुई थी। आज यह हुआ है, क्योंकि मैं प्रतिक्षण दूसरों की भलाई सोचने में बिताता हूँ। हर पल मुझे किसी गरीब, असहाय या पीड़ित व्यक्ति का ही विचार व्यग्र रखता है – मैं इस आदमी की सहायता किस प्रकार कर सकता हूँ? वह छोटी लड़की जो पोलियो से पीड़ित है, उसकी सहायता कैसे कर सकता हूँ? इस प्रकार के विचार जागते हुए तो हर समय आते ही हैं, सपनों में भी पड़ोसियों का विचार करता रहता हूँ।

कल ही रात मुझे एक सपना आया, जिसमें मैंने एक गरीब औरत को देखा, जिसका पति बहुत बीमार है। मैंने उसको एक साइकिल रिक्शा दिया था, किन्तु आज बीमारी के कारण वह रिक्शा नहीं चला सकता। वह स्त्री पैंतीस वर्ष की होगी, उसके दो बच्चे हैं। तो सपने में मैं सोच रहा था कि उसके परिवार का पालन अब कैसे किया जाए। केवल पैसे देने से समस्या हल नहीं हो जाती। कल के सपने में मैंने देखा कि वह स्त्री किसी अफसर के पास जा रही है। इसका अर्थ पूरी तरह तो मुझे स्पष्ट नहीं हुआ, लेकिन मेरा अनुमान है कि जल्दी ही उसे सरकारी नौकरी मिल जायेगी। छोटा-मोटा काम होगा, मासिक आमदनी शायद दो हजार तक की होगी। इतना उसके परिवार के लिए काफी होगा।

अब ऐसे विचारों को सांसारिक कहोगे या आध्यात्मिक? उस गरीब औरत का ही विचार मेरे दिमाग में चल रहा था और किसी से मैंने उसके बारे में बात की थी कि उसको नौकरी कैसे दिलवा सकें जिससे उसे हर महीने तनख्वाह मिलने की व्यवस्था हो जाए और वह अपने बच्चों का पालन-पोषण कर सके। मैं अब योग की नहीं, दाल-रोटी की बात कर रहा हूँ। उसकी नौकरी की चिन्ता कर रहा हूँ। पिछले वर्ष हमने उसके लिए घर बनवा दिया था। मैंने इटली से एक संन्यासी को इस काम के लिए बुलाया था। पास ही उसका घर

तैयार हो गया। मैं उसकी देख-भाल कर रहा हूँ, किन्तु मैं उसे पैसे-रोकड़ नहीं देता। मैं ऐसा बन्दोबस्त करूँगा, जिससे उसको कुछ काम-धन्धा या व्यवसाय मिल जाए और वह आत्मनिर्भर हो जाए।

अब दूसरों की सहायता करने के ख्याल मेरे दिमाग में आसानी से आ जाते हैं, पहले कभी ऐसा नहीं होता था, क्योंकि मैं स्वार्थी था। मुझे अपने लिए ही ईश्वर प्राप्ति की आस लगी थी। मुझे समाधि की लगन रहा करती थी, सविकल्प समाधि, निर्विकल्प समाधि, ऋतम्भरा प्रज्ञा – ये सब बातें मेरे मन में आती थीं, किन्तु अब मुझे इन गरीबों के हित की चिन्ता दिन-रात रहती है। अब यही एक धुन, यही उत्कट अभिलाषा है।

प्रत्येक वर्ष किसी बेरोजगार आदमी को ढूँढ लेता हूँ और 8 सितम्बर, अपने गुरु के जन्मदिन पर उसके लिए दुकान खोल देता हूँ। एक जनरल स्टोर, जहाँ बिस्किट, चॉकलेट, पेन, पेन्सिल जैसी छोटी-मोटी चीजें रखवा देता हूँ। ऐसी दुकान को खोलने का खर्चा पाँच से छः हजार तक होता है। ऐसी ही एक दुकान लक्ष्मण मोदी को यहाँ से नजदीक ही खोल दी है। वह अपाहिज है। कुछ दिन पहले ही मैं उससे और उसकी बेटियों से मिला। मैंने पूछा, 'तुम्हारा कैसा चल रहा है?' उसने कहा, 'स्वामीजी, मेरी दुकान बहुत अच्छी चल रही है।' मुझे यह सुनकर बहुत अच्छा लगा। उस रात मेरी नींद कुछ अधिक शान्त रही। वैसे मैं हमेशा शान्त, गहरी नींद सोता हूँ, किन्तु उसकी खुशहाली सुन कर उस रात मुझे विशेष अच्छी नींद आई, क्योंकि उसकी परेशानी मेरे दिमाग से हट गई। दूसरे दिन एक तिपहिया साइकिल राजनाँदगाँव से आई। मैंने उसको दे दी, जिससे वह देवघर से सब बिकाऊ माल अपनी दुकान में आसानी से ला सकेगा। अब वह आदमी मेरे दिमाग से निकल गया।

तुम मेरी इस विचारधारा को सांसारिक समझते हो तो समझो, लेकिन मेरी दृष्टि से यह आध्यात्मिक विचारधारा है, क्योंकि मनुष्य ईश्वर का एक व्यक्त रूप है। पूरा विश्व ईश्वर की अभिव्यक्ति है। इसलिए जब हम मानव-सेवा करते हैं, पीड़ित, असहाय, जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं, उनसे सहानुभूति रखते हैं, अच्छा व्यवहार करते हैं, हमदर्दी दिखाते हैं, तब हम वास्तव में परमात्मा के लिए ही सब करते हैं। इसमें समाज-सेवा का सवाल ही नहीं है। यह आध्यात्मिक साधना है। जब सभी दरिद्र, बीमार, भूखे, कंगाल, अभागे लोगों के लिए तुम्हारे हृदय में अनुकम्पा और प्रेम का उदय होगा, जब तुम अपने से कम भाग्यशाली व्यक्तियों की भलाई के बारे में सोचोगे, तब मुझे बहुत आनन्द मिलेगा। ■

Sri Krishna's Advice

Bhagavad Gita (3:21–23, 3:25–26):

Yadyadaacharati
shreshthastattadevetaro janah;
Sa yatpramaanam kurute
lokastadanuvartate.

Na me paarthaasti kartavyam
trishu lokeshu kinchana;
Naanavaaptamavaaptavyam
varta eva cha karmani.

Yadi hyaham na varteyam jaatu karmanyatandritah;
Mama vartmaanuvartante manushyaah paartha sarvashah.

Saktaah karmanyavidvaamso yathaa kurvanti bhaarata;
Kuryaadvidvaamstathaasaktashchikeershurlokasangraham.

Na buddhibhedam janayedajnaanaam karmasanginaam;
Joshayetsarvakarmaani vidvaanyuktah samaacharan.

Whatsoever a great man does, that other men also do; whatever he sets up as the standard, that the world follows. (21)

There is nothing in the three worlds, O Arjuna, that should be done by Me, nor is there anything unattained that should be attained; yet I engage Myself in action! (22)

For, should I not ever engage Myself in action, unwearied, men would in every way follow My path, O Arjuna! (23)

As the ignorant act from attachment to action, O Bharata (Arjuna), so should the wise act without attachment, wishing the welfare of the world. (25)

Let no wise person unsettle the minds of ignorant people, who are attached to action; he should engage them in all actions, himself fulfilling them with devotion. (26)

Enlarge the Scope

Swami Satyananda Saraswati

God has two aspects, transcendental and immanent. He is beyond time, space and matter, but he is also present in all beings. Both concepts of God have to be accepted, not just the transcendental. The immanent form is everywhere and in everything. A person is serving God when he cares for a tree, protects the land, purifies a river, balances the atmosphere and helps the needy.

God exists in many forms, from the microbe to the towering tree, from the limited mind to the universal mind, in the person who needs help and in the animal that needs protection. The whole world is God's manifest form. This manifest universe, this manifest world, you, me and others, are all forms of God.

One is therefore doing something for God when serving, helping, feeding, assisting, supporting, sympathizing and expressing compassion for others. This is spiritual service, not social service. God is in all the faces of those who are suffering, hungry, sick and ignored by destiny and fortune. It is said in the Bible (Matthew 25:35–36, 40):

> I was hungry and you gave me to eat;
> I was thirsty and you gave me to drink;
> I was a stranger and you took me into your home; (35)
>
> I was naked and you clothed me;
> I was sick and you came to help me;
> I was in prison and you came to visit me. (36)
>
> Whatever you did for the least of these brothers of mine,
> you did for me. (40)

The realization of God must become a total experience, not partial. Those who are dedicated to spiritual life, who think God is their life, must serve the many forms of God. Those who are suffering, unhappy, naked and floundering in darkness are the different forms of God. One cannot ignore the form of God that is immanent and all-pervading, and go running after the transcendental God only. Helping others is praying to God and living amongst the poor is living with God.

One's family and children, brothers and sisters, are spread all over the world. One should try to enlarge the scope of one's family and leave the little cage of husband, wife and children. Instead of saying 'we two and our two', why not say 'husband, wife, children and other children'? This is *atmabhava*, feeling oneself in others, and by developing this feeling, the possibility of enlightenment is greater. ■

To Be 'With That'

Swami Niranjanananda Saraswati

Swami Sivananda said the purpose of seva is to purify the heart. Purification of the heart comes about when expectations and attachments are refined. When they are no longer sensorial or sensual, they do not carry any idea of gain or loss. Instead, one feels for others as one does for oneself. There is a shift in perception, a shift from being self-orientated to self-expressive.

Seva is a state of participation in life at a higher level of consciousness. Seva means the final stage of human involvement in the world, while being in a higher state of consciousness. The literal meaning of the word seva is 'to be with that', *saha eva*, to be with that which is human, compassionate and loving. Seva means to connect with the divine transcendental nature and express that nature in thought, word and deed. Of course, to do this, one needs to let go of the many identities and ideas that are held close.

This is where the concept of letting go or surrender comes in. Surrendering to the divine will and becoming the instrument of its peace is the outcome of seva. At the final level of seva one becomes only a medium of expressing God's grace and will. That is the real meaning of the word seva, where one is 'with That'. ■

Seva Excels

Swami Sivananda Saraswati

A person serves the poor and needy, his society, country and suffering humanity at large in order to purify the heart. Through service egoism, hatred, jealousy, the idea of superiority and other negative qualities vanish. Humility, pure love, sympathy, tolerance and mercy are developed. The sense of separateness is annihilated and selfishness is eradicated. With a broad and liberal outlook on life, one begins to feel oneness and unity and realizes: 'One in all and all in One'.

Cleansing of the heart is the main task of the aspirant in the early stages of his spiritual practice. In serving this purpose, seva really excels. ■

आराधना का प्रयोजन

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

हर एक मनुष्य, जहाँ कहीं भी वह है, भगवान को याद करता है, मानता है। उसके अलग-अलग कारण हैं। सभी लोग प्रेम के कारण भगवान को नहीं भजते। भगवान को प्रेम से भजने वाले इक्के-दुक्के ही मिलेंगे तुमको। वे तुम्हें सड़क या गली-चौराहे पर कभी नहीं मिलेंगे। ज्यादातर लोग भगवान का भजन किसलिए करते हैं, उन्हें याद क्यों करते हैं? नम्बर एक, जब आदमी को कोई परेशानी होती है, जब वह आर्त्त हो जाता है, और इसकी वजह से घबरा जाता है तब भगवान को याद करता है। यह है भगत नम्बर एक। मुकदमा लग गया, अचानक आयकर विभाग का छापा पड़ गया, जवान बेटा बीमार पड़ गया या सरकारी कार्यालय में उसके काम के खिलाफ कुछ पूछताछ हो गयी। बहुत-सी ऐसी चीजें हैं, जिनको गिनाना तो सम्भव नहीं है। विपत्ति में, कष्ट में लोग भगवान के पास माँगने जाते हैं।

दूसरे प्रकार का भक्त वह है जो भगवान से कोई ऐसी चीज माँगने जाता है जिसे प्राप्त करने में वह असमर्थ रहा है। बेटा तो सभी को चाहिए, कई लोग नौकरी के लिए जाते हैं, कई लोग अपने व्यापार में उन्नति के लिए भगवान की

शरण में जाते हैं, कई लोग इम्तहान में पास होने के लिए जाते हैं। ये दूसरे प्रकार के भक्त हैं, जो मतलबिया हैं। यह मतलबिया भक्त अपना स्वार्थ चाहता है।

तीसरा जिज्ञासु भक्त होता है जो जानना चाहता है कि भगवान क्या है, आत्मा क्या है, संसार क्या है, सृष्टि क्या है, मरने के बाद क्या होता है, पुनर्जन्म कैसे होता है। ये लोग भी भगवान का भजन करते हैं। इनमें से ज्यादातर लोग घर-बार छोड़ ही देते हैं, हम जैसे। लेकिन अब तो हम वह नहीं हैं। हमने अपना नाम वहाँ से कटवा लिया है।

हम इसी जिज्ञासु भक्ति को लेकर निकले थे – कहाँ से आदमी आया? कहाँ आदमी जाएगा? कैसे पैदा हुआ? सूरज क्या है? चन्द्रमा क्या है? सृष्टि क्या है? यह जिज्ञासु भक्त होता है, जानने की इच्छा रखने वाला। ऐसे लोग भगवान का भजन करते हैं, कीर्तन करते हैं, जप-तप करते हैं, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि द्वारा सत्य जानने की कोशिश करते हैं। इनकी संख्या बहुत बड़ी नहीं है। पहले और दूसरे वालों की संख्या बहुत बड़ी है। सब लोग उसी कोटि में आते हैं।

चौथा होता है प्रेमी भक्त, जैसे गोपियाँ और हनुमानजी। उनकी भगवान से ऐसी कोई मांग नहीं होती कि बेटा दे दो, बेटी दे दो, दुःख मिटा दो, सुख दे दो, हमारा मुकदमा ठीक करो, हमारा बेटा ठीक कर दो। इन सबसे कोई मतलब नहीं। केवल उनके मन में भगवान के लिए प्रेम होता है, जैसे मीरा और चैतन्य महाप्रभु। प्रेमी भक्त के उदाहरण इक्के-दुक्के ही हैं।

ये चार प्रकार के लोग जो भगवान का भजन करते हैं, इसको कहते हैं आराधना। आराधना का मतलब होता है भगवान की पूजा करना, भगवान का नाम लेना, भगवान के पास बैठकर उनके नाम का गान करना – उपचार सहित या उपचार रहित। उपचार सहित माने घण्टी, तुलसी पत्ता, जल, शंख, आदि से पूजन करना। उपचार रहित माने कोई धूप-दीप-नैवेद्य नहीं, सीधा नमस्कार कर लिया। बैठ गये, रामचरितमानस पढ़ रहे हैं, भागवत पढ़ रहे हैं, हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं या कीर्तन कर रहे हैं। इसको कहते हैं उपचार रहित।

जब कभी तुम भगवान का स्मरण करते हो, चाहे किसी भी भावना से करो, चाहे विपत्ति में करो, चाहे मतलब से करो, चाहे जिज्ञासा से करो अथवा प्रेमवश करो, वह भगवान की आराधना है। एक व्यक्ति परमात्मा का आशीर्वाद चाहता है – प्रभु मेरी विपत्ति हरो, कष्ट हरो। दूसरा भगवान का वरदान चाहता है – भगवान मुझे सम्पत्ति दो, यह दो, वह दो। तीसरा भगवान का ज्ञान चाहता

है – भगवान क्या है? और चौथा भगवान का प्रेम चाहता है। चाहते तो चारों ही हैं। ये चारों व्यक्ति अपने-अपने विषय को लेकर जब भगवान का स्मरण करते हैं, भगवान की पूजा करते हैं, उसी को आराधना माना जाता है।

भगवान की आराधना अनेक प्रकार से होती है। कोई एक उपाय हो तो बतलाऊँ। पर अनेक उपायों में आराधना का सबसे उत्तम उपाय है – नाम संकीर्तन। यह प्रभु की आराधना का सबसे सरल उपाय है। अभिषेक करो न करो, आरती करो न करो, तुम्हारी मर्जी। मंत्र का उच्चारण करो, न करो, तुम्हारी मर्जी। फूल, पत्ता, चंदन, अक्षत चढ़ाओ, न चढ़ाओ, तुम्हारी मर्जी। किन्तु जब भगवान का नाम लेते हो तो उसमें तुमको कुछ भी खर्च करना नहीं पड़ता। भगवान का नाम जब लिया जाता है, तब वह मुँह से निकलता है और पूरे वातावरण में छा जाता है। उससे वायुमण्डल में एक शक्ति उत्पन्न होती है, और वह क्षेत्र ऊर्जा स्थल बन जाता है। वहाँ पर जितने भी लोग आते हैं, बैठते हैं, रहते हैं, उनके मन को वह शक्ति स्पर्श करती है।

भगवान से सम्बन्ध जोड़ना

जीवन में मनुष्य यदि प्रपंच की आराधना करे तो उसको प्रपंच की प्राप्ति होती है। धन, स्त्री, सम्पत्ति, सुख, भोग, ये प्रपंच हैं। इनकी प्राप्ति तो होती है, किन्तु ये अपने साथ दुःख लाते हैं। जिस तरह से हर एक वस्तु अपने साथ अपनी छाया लाती है, प्रपंच की भी छाया होती है। पुत्र, स्त्री, धन, सम्पत्ति, नाम, यश, सम्मान, जो कुछ भी तुम चाहो, मिलेगा जरूर अगर आराधना करोगे तो। किन्तु अपने साथ दुःख को जरूर लायेगा। पर जब तुम भगवान की आराधना प्रेम के वशीभूत होकर करते हो, और इस भाव को अपने मन में रखकर करते हो कि उनका एक बार मेरे को दर्शन हो जाए, उनके और मेरे बीच में एक सम्बन्ध स्थापित हो जाए, बस, फिर दुःख की कोई बात नहीं।

एक और बात मैं तुमको बतलाना चाहता हूँ। भगवान की पूजा करना तो बहुत सरल है। धूप-चन्दन उठा लिया, अक्षत दिया, 'नमः नमः नमः' कर दिया। हनुमान चालीसा, रामरक्षा स्तोत्र या रुद्री पढ़ ली, पानी डाल दिया। बहुत सरल है, कोई भी कर सकता है। तुम नहीं करोगे तो आने वाले युग में एक रोबोट को सिखा देना, वह पूजा कर लेगा! भगवान के बारे में सुनना भी बहुत आसान है। भगवान के बारे में बोलना, भगवान के बारे में सुनना, भगवान की पूजा करना, भगवान के बारे में ग्रन्थ पढ़ना, यह सब अच्छा है

और आसान है। परन्तु भगवान के साथ किसी प्रकार का रिश्ता जोड़ना और उस रिश्ते के मुताबिक अनुभव करना बहुत कठिन है, क्योंकि जिसने भगवान के साथ ठीक से रिश्ता जोड़ लिया, अपने रिश्ते को पहचान लिया, तो समझो कि उसे भगवान मिल गये।

तुम एक स्त्री या पुरुष के साथ रिश्ता जोड़ते हो तो एक भावना का जन्म होता है। एक दोस्त के साथ तुम रिश्ता जोड़ते हो, एक भावना का जन्म होता है। इसको कहते हैं भाव। वात्सल्य भाव बेटे के साथ, माधुर्य भाव स्त्री-पुरुष के साथ, दास्य भाव मालिक के साथ, इष्ट भाव भगवान के साथ। ये भाव होते हैं। जैसे ही तुमको अपने मन में यह ख्याल आयेगा कि मैं भगवान का दास हूँ, तुरन्त तुम्हारे मन में कैंकर्यभाव आयेगा – किंकर यानि दास का भाव। यह भाव बिल्कुल वैसा ही होता है जैसे तुम्हारे घर में तुम्हारे नौकर का होता है। तुम्हारा नौकर जो तुम्हारे बर्तन माँजता है, कपड़े धोता है, घर में छोटे-मोटे काम करता है, उस नौकर के मन में तुम्हारे प्रति किस प्रकार का भाव है? ठीक वही भाव भक्त के मन में आता है। ऐसा नहीं कि खाली बोल दिया 'दासोऽहम् दासोऽहम' और वह भाव न आए। इसका मतलब तो यह हुआ कि तोता रट रहा है राम-राम। उसमें भावना कुछ है नहीं। चैतन्य महाप्रभु की तरह, मीरा की तरह कह सकते हो कि वह मेरा पति है?

मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई॥

जैसे ही तुम भगवान को अपना पति कहो, तुम्हारे मन में वही भाव उत्पन्न होना चाहिए जो एक पत्नी के मन में उत्पन्न होता है। अगर नहीं हुआ तो वही तोते वाला हिसाब। जिन्दगी भर राम-राम बोलता है और बिल्ली को देखकर टाँय-टाँय बोलता है। जो भी भावना, जो भी सम्बन्ध तुम भगवान से जोड़ना चाहते हो, वह भावना तुम्हारे मन में उत्पन्न होनी चाहिए। केवल 'सोऽहं' या 'अहं ब्रह्मास्मि' जैसी बड़ी-बड़ी बातें बोलने से कुछ लाभ नहीं यदि उसमें भाव न हो तो। एक तरफ तुम बोलते हो तीनों काल में जगत् नहीं, माने जागृत, स्वप्न और सुषुप्ति में दुनिया है ही नहीं, सब मिथ्या है और इधर रसोईघर में जाते हो तो बीबी से बोलते हो दाल में नमक नहीं!

हम लोग छोटे लोग हैं, शुकदेव जी या अन्य ब्रह्मनिष्ठ संत-महात्माओं जैसे नहीं। हमारी वह औकात नहीं है, वह योग्यता, प्रतिभा और पहुँच नहीं है, लेकिन इतनी बात पक्की है कि भगवान के साथ हमारा कोई-न-कोई रिश्ता जरूर है, जिसको हम जान नहीं पा रहे हैं। भगवान के साथ कुछ निश्चित रिश्ते होते हैं। या वे तुम्हारे पिता हैं, या वे तुम्हारी माता हैं, या तुम्हारे बंधु हैं, या तुम्हारे सखा हैं या तुम्हारे पति हैं, या तुम्हारे परमेश्वर हैं, या तुम्हारे मालिक हैं, या तुम्हारी आत्मा हैं। बस! इतने के अन्दर खोजो। यह मत कहो कि भगवान मेरे भतीजे हैं, नहीं। भगवान क साथ तो कुछ ही रिश्ते होते हैं, इसलिए सन्तों ने पहले ही कहा है –

त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव॥

बस, आराधना का यही लक्ष्य है कि हम भगवान के साथ रिश्ता जोड़ें। हम ईश्वर के साथ किस प्रकार जुड़े हैं? जब तक तुम भगवान के साथ अपने रिश्ते को पहचान नहीं लेते, सब कुछ भूल जाओ। जो कुछ भी तुम कर रहे हो वह सब निरर्थक है। तुम भगवान की पूजा-अर्चना कर सकते हो, पुस्तकें पढ़ सकते हो, पूजा में सम्मिलित हो सकते हो, मंदिर जा सकते हो, तीर्थस्थानों पर जा सकते हो। यह सब कुछ ठीक है, किन्तु प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्त्वपूर्ण बात तो यह है कि वह इसकी खोज करे कि भगवान के साथ उसका अभी का क्या रिश्ता है। ■

Towards Freedom

Swami Satyananda Saraswati

Selfless service is the cleanser of the mind. Work done for oneself produces both positive and negative results. Results are not produced when work is done for others, as the emotions are not involved. While doing selfless service, the mind is occupied as monotony and tension are released. A person can never acquire control of the mind until he shares the sorrow and suffering of others and considers their misery to be his own.

It is not easy to conquer the mind, and a person should not fight with it, as ultimately he will be the loser. The only way to deal with the mind is to give it a proper and sound job that it likes. The mind likes to serve humanity, to help the poor, feed the hungry, nurse the sick, take care of orphans, and go from door to door finding out the problems of others and rendering whatever help is needed there.

The transformation in the mind will be seen, like carbon which becomes a diamond. One may practise raja, jnana and bhakti yoga as much as one likes. However, they only pacify the mind for the time being as a first aid treatment. One can never deal with the mind, whether one is young or old, rich or poor, capable or incapable, unless one can think and aspire passionately to help others. The mind can only be dealt with by a sattwic programming of dedication and self-sacrifice. The vedic, Vaishnava, Christian and Muslim traditions make the same statement.

By fighting with the mind, one creates psychological problems and becomes sick. The only way to conquer the mind is to dedicate it to the service of an ideal that will make it happy. Work done free of charge is necessary for self-transformation, as it cleans the rajo and tamo gunas of the mind. Nishkama karma does not just mean work; there has to be a feeling in one's heart. In India, if a person visits forty odd houses, he will come across scarcity, dearth, suffering, poverty, darkness and dejection. He may come across a house where it is different, but that is an exception. For millions and millions of people the state of affairs is abysmal. They have no shelter, no food, no place to cook, no toilet and no water to drink.

An aspirant is wasting time if he just grapples and wrestles with the mind twenty-four hours a day. He boxes with it, he gives it the slip. In his combat with the mind sometimes he falls and sometimes the mind falls, but neither can attain a decisive victory. The head and the tail win equally, half and half, and the wrestling ends in quits. In the evening he is fagged out. He begins to moan with a headache and takes a tranquillizer or

opens a bottle. Some people opt to visit a temple or church for respite. Some go to a discotheque to refresh themselves. Some decide on a session of yoga nidra and play a tape. Nobody thinks of going to the house of a poor man and lighting a lamp. Nobody thinks of visiting the have-nots.

Seva alone changes the inner programming of the mind. When one removes the pain and helplessness of other people, one's own pain will be removed.

We all have desires

Why waste time fighting with *lokeshana*, *dareshana* and *vitteshana*, the desires for recognition, sensual enjoyment and security? I did not desire a child, but ended up making disciples. I did not desire wealth, but wealth came. The best philosophy is to spend a large portion of one's wealth on the needy, helpless, handicapped and orphaned. A blind or lame person has desires; a leper has desires. People only worry about their own desires but not those of others. When they begin to worry about others, the pressure of their own desires will diminish.

A man is lying by the side of the road. He is old and begs from the passers-by. There is a small aluminium bowl beside him with flies flitting about. The man is thin, frail and weak, but still he has desires. Although he is incapable of fulfilling his sensual desires, he wants to fulfil them. A man who cannot digest still dreams of enjoying good food. The weakest, most sick and suffering person still thinks of sensory enjoyment.

I was a beggar for four to five years. When I sat on the *ghat*, the river bank, in Varanasi to beg for the first time, the beggar next to me said, "Move away from here. You are not from our community of beggars. Go and find another place." They knew I was a sannyasin living as a beggar for the experience, but they were not there for the experience. I saw people without an arm or a leg, lame, sick and penniless, dreaming of becoming the prime minister! As I heard these helpless, weak, sick people talk, I realized they had so many desires.

Freedom from bondage

This is an example that *trishna*, craving, exists in each and every being. The only difference is that humans know and other creatures do not. If one wants liberation, one should educate a poor child or help the lame to walk. One should spend one or two thousand rupees on a blind man, so that he can have an eye operation to regain his sight. One should find a home for a leper. Helping and serving others is the easiest way to free oneself from bondage.

Living for others is the easiest way to evolve spiritually. I am saying this from my own experience, because I have done everything. There is practically no form of spiritual life which I have not experienced, but my mind opened when I started living for others. As long as I was living for myself, I was blind. When I began to think about others, about those who are sick, poor and have no home, I started growing inwardly. Now I am close to my destiny, almost there. ■

भगवन्नाम की महिमा

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

मेरे पास एक अलार्म घड़ी है, जो मुझे रोज सुबह दो बजे जगाती है। पर यह साधारण अलार्म घड़ी नहीं है। यह मुझे जगाती है और पहली चीज जो मैं सुनता हूँ, वह है भगवन्नाम। यह लगातार चालीस मिनटों तक भगवन्नाम का गायन करती है। मैं शय्यात्याग कर चालीस मिनटों तक 'रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम, श्री राम जय राम जय जय राम' गाने बैठ जाता हूँ। उसके बाद स्नानादि कर मैं अपना जप प्रारम्भ कर देता हूँ। मैं अपने दिन का आरंभ और समापन भगवन्नाम से करता हूँ। जिसका प्रारम्भ शुभ होता है, उसका अन्त भी शुभ होता है।

लेकिन तुम लोग जब प्रातःकाल अपनी आँखें खोलते हो, सबसे पहले तुम्हें जड़मति विश्व के ही दर्शन होते हैं। इसे सारा दिन तो देखना ही पड़ता है, लेकिन कम-से-कम चालीस मिनटों के लिए ही सही, तुम्हें इसे भूलकर भगवान के नाम का श्रवण करना चाहिए। अपना दिन भगवन्नाम से प्रारम्भ करो। भगवान से डरो मत। यदि तुम उनका नाम नहीं भी जपते, तो भी वे तुमसे अप्रसन्न नहीं होंगे। तुम उनकी निन्दा भी करते हो तो भी वे तुम्हें दण्डित नहीं करेंगे। वे किसी पर क्रुद्ध नहीं होते, वे किसी को सजा नहीं देते।

भाव कुभाव अनख आलसहूँ। नाम लेत मंगल दिशि दसहूँ॥

चीनी हमेशा मीठी होती है, चाहे तुम उसे हलवे में डालो या केक में। उसी प्रकार भगवान का नाम भी सदा मीठा होता है, चाहे तुम उसे गाओ या जपो। इसमें माधुर्य के गुण हैं। जब तुम सुबह अपना बिस्तर छोड़ो, बन्द आँखों से उठो, आधा सोए, आधा जगे, और भगवान का नाम गाओ। दिन का शुभारम्भ इसी प्रकार होना चाहिए, भगवन्नाम के साथ।

भगवान के नाम को किसी विशेष धुन में गाना आवश्यक नहीं है, तुम अपना एक सुर-तान बना सकते हो। जब तुम भगवान का नाम दुहराते हो, तब तुम्हारा समय व्यर्थ नहीं जाता, बल्कि तुम्हें बेहद लाभ होता है। यह एक दीर्घकालीन निवेश है। जब तुम रात को अपने बिस्तर पर जाओ, तब इस प्रक्रिया को दुहराओ। अगर रात को देर से डिस्को या किसी पार्टी से लौटते

हो, थोड़ा मद्यपान भी किए हो, तो कोई बात नहीं, तुम फिर भी भगवान का नाम जप सकते हो।

राम नाम मनि दीप धरू जीह देहरीं द्वार।
तुलसी भीतर बाहेरहुँ जौ चाहसि उजियार॥

भगवान का नाम लेने का अर्थ यह नहीं कि तुम दुनिया से परे हो जाओ। जीवन के तराजू में चार काँटे हैं – अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष। ये काँटे एक-दूसरे को सन्तुलित करते हैं। यदि केवल अर्थ और काम ही हों, तो मनुष्य उत्तेजित हो उठता है। इसलिए अर्थ एवं काम को धर्म और मोक्ष द्वारा सन्तुलित करना चाहिए। पर किस अनुपात में? तुम एक किलो दूध में एक किलो चीनी नहीं मिलाते। एक किलो दूध में तुम केवल कुछ चम्मच ही चीनी मिलाते हो। यही तथ्य नमक के अनुपात के सम्बन्ध में भी है, जो तुम साग-सब्जी में डालते हो। इसी प्रकार धर्म और मोक्ष, जीवन रूपी भोजन को सुस्वादु बना देते हैं। चौबीस घण्टों में चालीस मिनट तो एक अंश मात्र है, किन्तु यह व्यंजन को सुस्वादु बनाने के लिए, गृहस्थ जीवन को मनोरंजक बनाने के लिए पर्याप्त है।

तुम्हें आठ-दस घण्टे भजन गाने की आवश्यकता नहीं है, मात्र बीस मिनट सुबह और बीस मिनट रात में। जब तुम सुबह उठते हो तो बैठकर भगवान का नाम जोर-जोर से गाओ। छिपाना क्या है? भगवान का नाम गाने में शर्म की कोई बात नहीं होनी चाहिए। मैं अपनी पूजा खुलेआम और नियमित रूप से करता हूँ, प्रत्येक शाम को। साढ़े पाँच बजे मैं गणेश, हनुमान, राम, शिव और तुलसी की पूजा करता हूँ। लोग मुझे सलाह देते हैं कि पूजा करने में शॉर्टकट कीजिए। मैं कहता हूँ, क्यों शॉर्टकट करूँ? लोगों को भगवान की पूजा करने में शर्माना क्यों चाहिए? यदि लोग मुझे पूजा करते देखते हैं तो वे भी घर जाकर पूजा ही करेंगे।

आंतरिक शुद्धि का अचूक उपाय

मनुष्य शरीर धारण करके आया है। वह त्रिगुणात्मिका प्रकृति के वश में है। शरीर का अपना धर्म है, मन के अपने धर्म हैं। इसलिए तुम्हें अपने स्वभाव के विषय में कोई कुण्ठा नहीं होनी चाहिए। तुम क्या खाते हो, इससे कोई अन्तर नहीं पड़ता। यदि तुम मांस खाना चाहते हो तो खाओ। यदि तुम शराब पीना चाहते हो तो पियो। तुम जो करना चाहते हो, कर सकते हो। चोर और डकैत को भी, जिसका धन्धा लूट-पाट मचाना है, 'श्री राम जय राम' दस मिनटों तक गाना चाहिए। मैं तुमसे अपराध करने को नहीं कह रहा हूँ। मैं केवल यह कह रहा हूँ कि तुम चाहे जो हो, वेश्या, डकैत या सन्त, स्त्री या पुरुष, उच्च जाति के या नीची जाति के, राजनीतिज्ञ अथवा प्रशासक, ईश्वर के नाम का स्मरण करो।

यह सोचना कि मैं बहुत खराब आदमी हूँ, बेकार की बात है। मैं खराब आदमी हूँ, ऐसा सोचने से तुम अच्छे नहीं हो जाओगे। मनुष्य की आध्यात्मिक यात्रा सत्य, अहिंसा और ब्रह्मचर्य से शुरू नहीं होती, बल्कि इनसे मनुष्य जीवन की पूर्ति होती है। जब तक तुम इस मानव शरीर में हो, तुम पाप से, भूलों से, मनुष्य जीवन की कमजोरियों से मुक्त नहीं हो सकते, क्योंकि तुम शारीरिक धर्मों के अधीन हो। तुम सत्त्व, रजस् और तमस् गुणों के अधीन हो।

तुमको बाहर से पवित्रता अपने अन्दर नहीं लानी है, वह तुम्हारे अन्दर ही है। बाहर से कोई भी अच्छा गुण तुमको अपने अन्दर नहीं लाना है। वह तो तुम स्वयं हो। इसलिए शास्त्रों ने कहा है सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् – यह तुम्हारा मूल स्वभाव है, परन्तु यह छुपा हुआ है। इसे प्रकट करने के लिए तुम्हें अपना ऊपरी कवच तोड़ना है और तोड़ने का एक ही रास्ता है, अन्य कोई रास्ता है ही नहीं। जीवन की शुरुआत अपूर्णता से हुई है और पूर्णता का एक ही मूलमंत्र है – भगवान का नाम लेना। और दमन का प्रयास नहीं करना, क्योंकि मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि जो आदमी अपने स्वभाव के विरुद्ध अपनी प्रवृत्तियों का दमन करता है, वह पागल हो जाता है। अपने से लड़ो-झगड़ो मत, क्योंकि सारी बदमाशी तो तुम्हीं कर रहे हो। जब पूर्णता की ओर अग्रसर होने का प्रयास शुरू करोगे, तब आरम्भ में कोई कठिन व्रत नहीं लेना है। तुम कोई भी विधि अपना सकते हो, किन्तु मुख्य चीज है नियम। प्रातःकाल उठते ही और रात को सोने से पहले, भगवान का नाम नियमपूर्वक लो।

भगवन्नाम की सार्वभौमिकता

अब यह नहीं सोचना कि हम शिवजी के भक्त हैं, तो रामजी का नाम क्यों सुनें या रामजी के भक्त हैं, तो शिवजी का नाम क्यों सुनें। सम्प्रदाय अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन भगवान अलग-अलग नहीं होते। नामों की विविधता का यह अर्थ नहीं है कि राम, विष्णु, कृष्ण, शिव या शक्ति भिन्न-भिन्न हैं। सम्प्रदाय से मैं शैव हूँ, परन्तु यदि मैं रघुनाथ कुटीर में राम की पूजा करता हूँ तो क्या मैं वैष्णव हो जाता हूँ? यदि मैं माँ की पूजा करता हूँ तो क्या मैं शाक्त हो जाता हूँ? यदि मैं ईसा मसीह या माँ मरियम की पूजा करता हूँ तो क्या मैं ईसाई हो जाता हूँ? भक्ति किसी सम्प्रदाय तक सीमित नहीं है। अगर तुम्हारे मन में ऐसा विचार है, तो उस विचार को हटा दो।

यदि शिव का कीर्तन वैष्णव घर में गाया जाता है, यदि ईसाई भजन हिन्दू घर में गाए जाते हैं या राम और कृष्ण के कीर्तन एक ईसाई घर में गाए जाते हैं तो इसमें कोई हानि नहीं है। कोई व्यक्ति ईसाई है, मुसलमान है या हिन्दू है, इससे क्या फर्क पड़ता है? हम मानव हैं और सभी एक हैं।

भगवान ने तो सबको इन्सान बनाया।
हमने ही उन्हें हिन्दू मुसलमान बनाया॥

मौलिक रूप से हम सब एक हैं। क्रोध, लोभ, लालसा और आसक्ति हम सब में समान हैं, चाहे हम पूर्व, पश्चिम, उत्तर या दक्षिण से हों। इसी प्रकार अच्छाई के गुण भी सभी में समान हैं। इसलिए यह बात कोई मायने नहीं रखती कि हम कौन-सा नाम दुहराएँ। मान लो, तुम ईसाई परिवार के हो, मैं तुम्हें यह घड़ी दूँ और तुम कहो, 'नहीं, मुझे यह नहीं चाहिए, मैं तो ईसाई हूँ' तो यह मूर्खतापूर्ण बात है।

भगवान का नाम तुमको पवित्रता, दिव्यता और महानता की याद दिलाता है। 'श्री राम जय राम जय जय राम' केवल स्मरण कराने के लिए है। यह हममें जिस भाव का आवाहन करता है, वह है दिव्यता, और दिव्यता का कोई स्वरूप नहीं होता। दिव्यता पूर्ण है, सर्वव्यापक और सार्वभौमिक है। तुम किसी भी भगवान का नाम ले सकते हो, किसी भी धर्म की पुस्तक पढ़ सकते हो। हमने तो एक ही चीज देखी है, यूरोप में जो नमक होता है, वह भी नमकीन होता है, हिन्दुस्तान का नमक भी नमकीन होता है और चीन का नमक भी नमकीन होता है। रूस की चीनी मीठी होती है, अमेरिका की भी चीनी मीठी होती है।

ॐ


ॐ


ॐ

मैंने तो सब जगह चीनी को मीठा ही पाया है। चीनी के साथ भी कोई फर्क नहीं, नमक के साथ भी कोई फर्क नहीं, केवल भगवान के नाम में फर्क कहाँ से आ गया, मेरी तो समझ में नहीं आता।

ईश्वर का कोई आकार नहीं होता, परन्तु उन्हें समझने का सबसे उत्तम तरीका है यह कहना कि प्रत्येक रूप उनका ही रूप है। यह ब्रह्माण्ड ईश्वर की अभिव्यक्ति है, तीर्थ-स्थल ईश्वर की अभिव्यक्ति है, गंगा और यमुना ईश्वर की अभिव्यक्ति है। मैं भी ईश्वर का एक व्यक्त रूप हूँ।

जले विष्णुः थले विष्णुर्विष्णुः पर्वतमस्तके ।
ज्वालामालाकुले विष्णुः सर्वं विष्णुमयं जगत् ॥

इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में एक ही शक्ति व्याप्त है, जिसे हम ईश्वर, हरि, राम, अल्लाह, खुदा, ओम या आमीन कह कर बुलाते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे यह बात कोई मायने नहीं रखती कि हम साबुन बोलें या सोप बोलें, भगवान के नाम से कोई फर्क नहीं पड़ता है, केवल उसका सार ही महत्त्वपूर्ण है।

वैज्ञानिकों ने कहा है कि पदार्थ के अन्दर ऊर्जा है। हम कहते हैं कि ऊर्जा से परे चेतना है, चेतना से परे आत्मा है और आत्मा के भी परे दिव्यता है। परे से मेरा तात्पर्य है, उसका सार। दूध का सार मक्खन है, मक्खन का सार घी है, घी का सार वसा है, वसा का सार कैलोरी है और कैलोरी का सार ऊर्जा और गर्मी है, जो जीवन का आधार है। जब ताप में कमी होती है, तो हमारी मृत्यु हो जाती है। इसी प्रकार ईश्वर सभी वस्तुओं का सार है। जैसे चीनी दूध के साथ घुल-मिलकर एक हो जाती है, मन को ईश्वर में घुल जाने दो। मन को नियंत्रित करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मन तो कोई चीज है नहीं। मात्र ईश्वर का नाम गाते जाओ, गाते जाओ, जब तक तुम्हारा मन पिघल न जाए। ■



Sivananda Yoga

Sit less, serve more.
Hate less, love more.
Take less, give more.
Worry less, laugh more.
Rest less, work more.

—*Swami Sivananda Saraswati*

Transcending Duality

Swami Niranjanananda Saraswati

